हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शुक्रवार, 20 जून 2025

## नागपुर के 426 झुग्गी निवासियों को मिले उनके घर, मिला मालिकाना हक

**नागपुर.** नागपुर में कई वर्षों से रह रहे झुग्गीवासियों को सही घर और मालिकाना हक दिलाने के मुख्यमंत्री के निर्णय के तहत शहर में 426 झुग्गीवासियों को उनके उचित आवास उपलब्ध कराये गये हैं। इन 426 झुग्गियों में से एक, लक्ष्मीनगर की झुग्गी पूरी तरह बदल चुकी है। इसका नाम बदलकर श्रमिक नगर रख दिया गया है। इस निर्णय से बस्तियों में रहने वाले अनुसूचित जाति और नवबौद्ध समुदाय के लोगों को रमाई आवास योजना के तहत मकान मिले हैं, जबकि जनजातीय वर्ग के लोगों को शबरी आवास योजना के तहत मकान मिले हैं। अन्य श्रेणियों के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिले हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी व्यक्ति आवास से वंचित न रहे। आवास प्राप्त करने वाले रामदास वुईके ने बताया कि लक्ष्मी नगर वार्ड के नगर सेवक के रूप में देवेंद्र फडणवीस ने झुग्गी-झोपड़ियों की समस्याओं को लेकर बार-बार आवाज उठाई।

# फल और सब्जियों की गुणवत्ता बढ़ाने सरकार का बड़ा कदम

> 'स्वच्छ पौध कार्यक्रम' 2030 तक होगा लागू
> शुद्ध फलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा
> भारत में 1,765 करोड़ की योजना लागू

**नागपुर.**

चीन के बाद भारत विश्व का सबसे अधिक फल तथा सब्जी उगाने वाला देश है। पिछले 10 वर्षों में भारत ने फलों की खेती को 24 मिलियन हेक्ट्रेयर से बढ़ाकर लगभग 29 मिलियन हेक्टेयर कर दिया है। लेकिन देश के किसानों को विषाणुमुक्त पौधे उपलब्ध कराना आज भी एक बड़ी चुनौती है।

लिहाजा इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार स्वच्छ पौध कार्यक्रम (सीपीपी) चलाने जा रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के फलों की गुणवत्ता और पैदावार को बढ़ाना है। इसके तहत किसानों को विषाणुरहित तथा गुणवत्तापूर्ण पौधा उपलब्ध कराया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया



कि इस कार्यक्रम के तहत बागवानी फसलों के लिए देश में 9 स्वच्छ पौध केन्द्र (नर्सरियां) स्थापित होंगे, जिनमें से 3 महाराष्ट्र में होंगे।

ये नर्सरियां जी1 स्तर की नाभिकीय पौध सामग्री तैयार करेंगी और इसे भागीदार नर्सरियों को वितरित करेंगी। उन्होंने बताया कि बागवानी के लिए नर्सरियों से प्राप्त पौधे रोगमुक्त और किसानों के लिए फायदेमंद होंगे। इसके तहत 15 बड़ी और 60 मध्यम स्तर की भागीदार नर्सरियां भी स्थापित की जाएंगी, जो जी2 और जी3 स्तर की पौध सामग्री का गुणन करेंगी। कार्यक्रम के तहत संतरे के लिए नागपुर में, अंगूर के लिए पुणे में और अनार के लिए सोलापुर में नर्सरी शुरू की जाएगी। आम, ड्रैगन फ्रूट, अमरूद और एवाकाडो के लिए बंगलुरू में तो सेव, अलमंड, बेरीज के लिए उत्तराखंड के मुक्तेश्वर में केन्द्र स्थापित होगा। साइट्रस फलों के लिए बीकानेर में, ऊष्ण कटिबंधीय फसलों के लिए पश्चिम बंगाल/झारखंड में, सेव, अलमंड और वालनट के लिए जम्मू-कश्मीर में तो आम, अमरूद और लीची के लिए लखनऊ में नर्सरी स्थापित होगी।

### अमेरिका, आस्ट्रेलिया में पहले से चल रहा कार्यक्रम

भारत में भले ही यह नई संकल्पना है, लेकिन अमेरिका, नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया जैसे उन्नत देशों में यह पहले से सफलतापूर्वक चल रही है। भारत में स्वच्छ पौध कार्यक्रम 2030 तक कार्यान्वित होगा और इस पर 1,765 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इसमें से आधी रकम मिशन फॉर इंटेग्रेटेड डवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर देगा तो आधी रकम एशियन विकास बैंक। महाराष्ट्र में स्थापित होने वाली तीन नर्सरियों पर सरकार 300 करोड़ रूपये खर्च करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि उच्च गुणवत्ता और रोग-मुक्त फलों के उत्पादन से भारत वैश्विक बाजार में एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरेगा।

# मानसून पूर्व तैयारियों के कामों पर प्रवीण दटके ने जताई नाराजगी

> कहा- जल्द से जल्द हो नालों की सफाई

**नागपुर.**




मानसून के मौसम के नजदीक आने पर नागपुर और खास तौर पर मध्य नागपुर में नदियों और नहरों की सफाई को लेकर विधायक दटके ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की। विधायक प्रवीण दटके ने नागपुर महानगरपालिका के आयुक्त और अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में नालों की सफाई, जल संग्रहण और साफ-सफाई के संबंध में स्थिति की समीक्षा की।

मध्य नागपुर में हट्टी नाला, राहेटकर वाडी नाला, जामदार स्कूल के पास का नाला, लेंडी तालाब के पास का नाला और रमन विज्ञान केंद्र के पास के नाले को प्राथमिकता के आधार पर साफ करने के निर्देश दिए गए। नालों में जमा हो रहे पानी, कचरे से होने वाली रुकावट और नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सफाई का काम शुरू करने का आदेश दिया। आयुक्त ने दटके को आश्वासन दिया कि गांधीबाग, सतरंजीपुरा, धंतोली, आसीनगर और हनुमान नगर जोन के अंतर्गत आने वाले इन क्षेत्रों की सफाई के साथ-साथ मानसून के नालों से जुड़ी समस्याओं के लिए तुरंत विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस बैठक में नागपुर के पूर्व महापौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी के साथ ही संबंधित जोन के अधिकारी, पूर्व नगरसेवक, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड संयोजक एवं अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि नाग नदी की सफाई को लेकर भी उचित कार्रवाई की जा रही है। प्रवीण दटके ने निर्देश दिए कि मानसून से पहले शहर में लंबित सभी सफाई कार्यों को तत्काल पूरा करने को प्राथमिकता दी जाए।

# एमडी के साथ तीन युवक गिरफ्तार

### 10 लाख से ज्यादा का माल जब्त; छिंदवाड़ा से आए थे सभी युवक

**नागपुर.**

नागपुर के कपिल नगर पुलिस की टीम ने पावर ग्रिड चौक पर छिंदवाड़ा से एमडी खरीदने आये तीन युवकों को एक कार में रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान ड्रग्स मुहैया करवाने वाला आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी भी तलाश पुलिस कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एमडी सहित करीब 10 लाख से अधिक के माल को भी बरामद किया है।

कपिल नगर पुलिस की टीम अपने थाना परिसर गस्त कर रही थी इस दौरान उन्हें पावर ग्रिड चौक स्थित बस स्टॉप के पास मध्य प्रदेश पासिंग एक कार संदिग्ध रूप में खड़ी दिखाई दी। इस दौरान जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कार वही पर छोड़कर युवकों ने भागने का प्रयास किया जिन्हें थोड़ी दूर ही पीछा कर पकड़ लिया गया। इस कार में अंश वीरेंद्र पुरिया, प्रियांशु अनिल शुक्ला और अभिषेक अशोक भवरकर नामक युवक मिले। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास करीब 4 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स मिली। पूछताछ में पता चला कि अंश पुरिया छिंदवाड़ा में एक रेस्टोरेंट चलाता है और उसके पिता पेशे से डॉक्टर हैं । वह नागपुर में अपनी कार में ड्रग्स लेने के लिए पहुँचा था।

उसके रेस्टोरेंट में काम करने वाला अभिषेक भवरकर और उसका दोस्त प्रियांशु शुक्ला भी उसके साथ कार में थे।इस कार्रवाई के दौरान नागपुर का तस्कर मौके से फरार हो गया। इस कार्रवाई के दौरान एमडी सहित 10 लाख से अधिक के माल को पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किया है।

## लेडीज क्लब के पास दो कारों में जोरदार भिड़ंत

**नागपुर.**

नागपुर के सदर पुलिस थाना अंतर्गत लेडिज क्लब चौक पर देर रात दो कारों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों कारों में सवार करीब 6 लोग घायल हुए हैं जिसमें तीन छोटे बच्चों का भी समावेश है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया और कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

# नंदनवन गार्ड हत्याकांड: पुलिस को मिली कामयाबी

### अपराध के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार; एक फरार

**नागपुर.** नंदनवन गार्ड हत्याकांड को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस हत्या में शामिल के आरोपी को भंडारा जिले के तुमसर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी अभी फरार चल रहा है, जिसे पुलिस अभी ढूढ रही है। पकडे गए आरोपी की पहचान आकाश नारनवरे (24, तुमसर) निवासी है। आरोपी एक हार्डकोर अपराधी है। मौदा में हुए के हत्या मामले में आरोपी डेढ़ साल जेल में रहा, जेल से छूट कर आने के बाद वह लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देता रहा है।

नंदनवन थाना अंतर्गत वाठोडा रिंग रोड स्थित शिव शंकर लॉन के पास 13 जून की आधी रात को एक स्क्रैप दुकान के गार्ड पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। इस हमले में गार्ड 60 वर्षीय अब्दुल रहीम शेख हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पुलिस ने शुरू की जांच हमला के बाद पुलिस ने अपनी जाँच शुरू की। सीसीटीवी की मदद ने वारदात को अंजाम देने के समय इस्तेमाल की गई दोपहिया वाहन का पता लगाया। सम्बंधित दोपहिया अंबाझरी परिसर के पार्क स्ट्रीट अपार्टमेंट अपार्टमेंट में रहने वाले व्यक्ति की निकली। क्राइम ब्रांच की टीम ने दोपहिया मालिक से वाहन को लेकर पूछताछ की। हालांकि, मालिक ने किसी भी तरह की जानकारी से इनकार किया। बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी और वारदात वाली मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान निश्चित की। जाँच में पता चला की आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद अपने गांव तुमसर फरार होगया। क्राइम ब्रांच की टीम तुरंत तुमसर गई और आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी के इरादे से वारदात को अंजाम देने की बात कही। आरोपी ने बताया कि, वारदात के दिन उसने फ्लैट से ही कार को चोरी किया और अपने एक दोस्त के साथ वाठोडा स्थित स्क्रैप के गोदाम में पहुंचा। जहां गार्ड बाहर सोया हुआ था।



आरोपी ने आगे बताया कि, चोरी करने के दौरान कही गार्ड जाग न जाए इस कारण उसके सर पर डंडे से हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपियों ने गार्ड का मोबाइल सहित अन्य चीजे लेकर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वापस लौटे और जहां से कार चोरी की थी उसे वापस रख दी। इस के बाद दोनों नागपुर से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी एक हार्ड कोर अपराधी है। उसपर हत्या सहित चोरी के कई मामले दर्ज हैं। मौदा में हुए एक हत्याकांड मामले में आरोपी डेढ़ साल जेल में रह चूका है। जेल से निकलने के बाद आरोपी नहीं सुधरा और नागपुर सहित आस-पास के इलाको में चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगा।

वहीं हत्याकांड की जाँच में एक बड़ी चूक सामने आई है, जहां हत्या जैसे संगीन अपराध होने के बावजूद बिना किसी दस्तावेजों और आपराधिक रिकॉर्ड जांचे आरोपी को नौकरी पर रखा गया।

## नवीन कामठी पुलिस ने यौन उत्पीड़न करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**नागपुर.**

नवीन कामठी पुलिस ने 17 जून को सुबह 11 बजे नवीन कामठी थाने की सीमा में रमन नगर रेलवे फाटक के पास रहने वाली पंद्रह वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम आशीष उर्फ कलस परमानंद कांबले, उम्र 28 वर्ष है।

नवीन कामठी पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कामठी के रमन नगर रेलवे फाटक के पास रहने वाले आरोपी आशीष उर्फ कलस परमानंद कांबले, उम्र 28 वर्ष ने 16 जून से 17 जून की रात 10 बजे तक इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का पीछा किया, उसके शरीर को छुआ और उसके साथ अश्लील भाषा में दुर्व्यवहार किया।नाबालिग लड़की ने जब अपनी मां को यौन उत्पीड़न की जानकारी दी, तो मां लड़की को लेकर नवीन कामठी पुलिस थाने पहुंची और आरोपी आशीष उर्फ कलस परमानंद कांबले उम्र 28 वर्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## दिव्या देशमुख को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नागपुर.** लंदन में आयोजित एफआइडीई वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 में उपराजधानी नागपुर की चेस खिलाडी दिव्या देशमुख ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। दिव्या ने ब्लिट्ज सेमीफाइनल में विश्व की नंबर 1 होउ यिफान को हराया। दिव्या की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने जीत की बधाई दी है। पीएम ने कहा, सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, लंदन में विश्व टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई।

# नागरिकों को मिली बड़ी राहत, सुबह से उपराजधानी में शुरू हुई हल्की बारिश

**नागपुर.**

उपराजधानी नागपुर में गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही के बाद हल्की बारिश का सिलसिला शुरू हो गया, जिससे भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। लंबे इंतजार के बाद मौसम में आया यह बदलाव शहरवासियों के लिए सुकून लेकर आया।

सुबह के समय शुरू हुई रिमझिम बारिश ने तापमान में गिरावट लाकर वातावरण को ठंडा और सुहावना बना दिया। शहर के कई हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई, हालांकि भारी बारिश अभी बाकी है। मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश मॉनसून के आगमन का शुरुआती संकेत हो सकती है। तय समय से पहले महाराष्ट्र में दाखिल हुआ मानसून विदर्भ आते आते कमजोर हो गया था। 15 जून को नागपुर सहित विदर्भ में मानसून दाखिल हुआ। हालांकि, इस दौरान उस तरह की बारिश नहीं हुई, जैसे



होनी चाहिए थी। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली हवाएं उनती मजबूत नहीं जिससे जोरदार बारिश हो। मौसम विभाग की माने तो मूसलाधार बारिश के लिए नागपुर वासियों को अभी और पांच दिन इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि, इस दौरान हल्की बारिश होती रहेगी।






# सिराजभाई शेख के जन्मदिन पर भव्य नि:शुल्क आरोग्य शिविर

> सैकड़ों नागरिकों ने उठाया लाभ, नेत्र, दंत और सामान्य जांचें हुई नि:शुल्क

**नागपुर.**

जनसेवा और स्वास्थ्य जनजागरण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए बीसीएन, बीटीपी ग्रुप एवं कारा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में छोटा ताजबाग परिसर, सक्करदरा, नागपुर में नि:शुल्क आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बीसीएन एवं बीटीपी ग्रुप के संस्थापक सिराजभाई शेख के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

शिविर में नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन, दंत चिकित्सा, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवाएं उपलब्ध थीं। सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इस शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने हिस्सा लिया और सेवाओं का लाभ उठाया।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने नागरिकों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। कई वरिष्ठ नागरिक मोतियाबिंद











ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए। दंत जांच को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

**विशेष सहयोग :** इस आयोजन में स्व. भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संस्था का उल्लेखनीय योगदान रहा। संस्था के स्वयंसेवकों ने पंजीकरण, मार्गदर्शन एवं अन्य व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक संभालीं।

### क्या कहा पूर्व उपमहापौर सतीश होले ने?

'सामाजिक दायित्व के तहत ऐसे आरोग्य शिविरों का आयोजन समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत आवश्यक है। सिराजभाई शेख की प्रेरणा से यह शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों की भारी भागीदारी हमारे प्रयास को सफल बनाती है।'

**-सतीश होले, पूर्व उपमहापौर**

स्थानीय नागरिकों ने इस जनहितकारी पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाते हैं और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हैं। यह आयोजन यह भी दर्शाता है कि जब जागरूक नागरिक एकजुट होते हैं, तो सेवा का कोई भी कार्य असंभव नहीं। सिराजभाई शेख के जन्मदिन को समाजसेवा में परिवर्तित कर आयोजकों ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

CMYK

# आख़िरकार पकड़ में आया खंडाला-डुमरी मर्डर केस का आरोपी

## पारशिवनी पुलिस की सतर्कता और सख्त जांच का बड़ा परिणाम, 200 रुपये के लिए ली गई जान

**पारशिवनी.**

खंडाला-डुमरी क्षेत्र में 8 जून 2025 की रात 10 से 11 बजे के बीच, 58 वर्षीय हिरालाल लक्ष्मण पुरे की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने मृतक से पेट्रोल के लिए जबरन 200 रुपये मांगे थे। पैसे नहीं देने पर आरोपी ने धारदार हथियार से वार कर उसकी जान ले ली।

**हत्या के बाद फरार था आरोपी**

हत्या के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। अज्ञात के खिलाफ पारशिवनी थाने में आईपीसी की धारा 103(1) के तहत अपराध क्रमांक 260/2025 दर्ज किया गया था।

**सुनियोजित जांच और टेक्निकल एनालिसिस से मिला सुराग :** किसी तरह का ठोस सुराग न होने के बावजूद, पारशिवनी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार और उपविभागीय पुलिस अधिकारी रमेश बरकते के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की। स्थानीय लोगों, मृतक के परिचितों से पूछताछ और घटनास्थल के तकनीकी विश्लेषण के बाद, पुलिस की नजर सुरज बिसन टेकाम नामक युवक पर पड़ी।






### पुलिस टीम को मिला सम्मान

आरोपी की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम में शामिल थे ठाणेदार राजेशकुमार थोरात, उप निरीक्षक हिम्मत राठोड़, पुलिस हवलदार मुदस्सर जमाल, अनिल चंदनबटवे, पुलिस पृथ्वीराज चव्हाण, सुरज मोहेकर, पुलिस शिपाई राकेश बंधाटे व वीरेंद्रसिंह चौधरी।

**स्वीकार किया जुर्म**

गिरफ्तारी के बाद आरोपी सुरज बिसन टेकाम (उम्र 24, निवासी कुही) ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने पारशिवनी पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही के लिए टीम को बधाई दी और उनकी मेहनत की प्रशंसा की।

**सोशल मीडिया और लोकल इंटेलिजेंस का कमाल :** आरोपी की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैलाया गया और आसपास के थानों व ग्राम स्तर तक साझा किया गया। ग्रामीण स्तर पर पुलिस पाटिलों की मीटिंग कर जानकारी दी गई।

**18 जून को चिचोली में दबोचा गया आरोपी:** सूचना मिली कि आरोपी चिचोली (ता. पारशिवनी) क्षेत्र में छिपा हुआ है। पारशिवनी पुलिस की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से वहां दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## माही ने एमएचटी-सीईटी में हासिल की शानदार सफलता, पाई 99.33 पर्सेंटाइल



**काटोल.** राज्य सामायिक प्रवेश परीक्षा कक्षा एमएचटी - सीईटी द्वारा आयोजित एमएचटी-सीईटी परीक्षा 2025 के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। काटोल की होनहार छात्रा माही कपिल केला ने एमएचटी-सीईटी में 99.3347266 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। माही की इस सफलता से पूरे काटोल क्षेत्र में गर्व की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि माही केला, काटोल के प्रसिद्ध समाजसेवी जगदीश केला की नातिन हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों, मित्रों और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

# अवैध गोवंश तस्करी का पर्दाफाश

## क्राइम ब्रांच ने 28 गोवंश को दिलाया जीवनदान

**नागपुर.**

शहर के पारडी थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच यूनिट क्रमांक 5 की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रूप से गोवंश जानवरों की तस्करी कर रहे आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा है। यह कार्रवाई 18 जून की रात करीब 10 बजे की गई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक (क्र. एमएच 35 एजे 5644) में अवैध रूप से गोवंश पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर मां उमिया कटिंग, भंडारा रोड, पारडी के पास ट्रक को रोका गया। जब पंचों की उपस्थिति में ट्रक की जांच की गई, तो उसमें 28 जिंदा गोवंश पशुओं को निर्दयता पूर्वक, बिना चारा-पानी के, रस्सियों से बांधकर ले जाया जा रहा था। पूछताछ में ट्रक चालक ने अपना नाम दिवांत जयचंद धनगाव (26 वर्ष मिसपीरी, तहसील देवरी, जिला गोंदिया निवासी बताया। जब उससे पशुओं से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी ने बताया कि ये सभी जानवर इमरान हाजी निवासी भाजी मंडी, कामठी के हैं और उन्हें कत्ल के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 28 गोवंश पशु, एक मोबाइल फोन और ट्रक समेत कुल 22,95,000 रुपए का माल जब्त किया है। सभी पशुओं को सुरक्षित गोरक्षण धंतोली में पहुंचाया गया है। इस मामले में पुलिस नाईक राजेन्द्र टाकलीकर की शिकायत पर पारडी थाने में आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1976 (संशोधन 1995) की धारा 5(अ)(क), 9, 9(अ), पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(ई)(ड)(फ), मोटर वाहन कानून की धारा 66, 192(ए) तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस उप आयुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर एवं सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में, पुलिस निरीक्षक संदीप बुआ व उनकी टीम द्वारा की गई।

# नागलवाड़ी के प्रहलाद अग्रवाल को मिला 'लाइफटाइम अचीवर अवॉर्ड'

## ट्रक ड्राइवरों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

**वाड़ी.**

नागलवाड़ी निवासी और गोपाल परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल को ट्रांसपोर्ट जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सेंटर फॉर ड्राइवर रिलेशनशिप मैनेजमेंट की ओर से न्हावा शेवा जेएनपीटी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर उन्मेश शरद वाघ उपस्थित रहे। उन्होंने ट्रक ड्राइवरों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि भारत में 63% माल की ढुलाई ट्रकों से होती है, लेकिन आज भी इन चालकों को वह सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनके वे अधिकारी हैं। समारोह में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए ट्रक चालकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




नंदलाल शर्मा, रामजी बेहरा, रणजीत कुमार और शायरा कैफ को उनकी निष्ठा और सेवा भावना के लिए ट्रॉफी व नकद पुरस्कार दिए गए। उन्मेश वाघ ने यह भी बताया कि ट्रक चालकों की कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार अब हर नए ट्रक में एयर कंडीशनिंग या वेंटिलेशन सिस्टम को अनिवार्य बना रही है। साथ ही, ट्रक चालकों के लंबे कार्य घंटों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताई गई।

कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने ट्रक ड्राइवरों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें सामाजिक सम्मान दिलाने के लिए व्यवस्थित और ठोस प्रयास करने की जरूरत बताई।

# रब्बानी स्कूल में यू.पी.एस.सी परीक्षा पर रविवार को कार्यशाला

**कामठी.**

राज्य प्रशासकीय व्यावसाय शिक्षण संस्था मुंबई द्वारा (यू.पी.एस.सी) नागरी सेवा पूर्व परीक्षा 2026 के लिए सामायिक प्रवेश परीक्षा (सीटीसी) 27 जुलाई 2025 को आयोजित की गई है। उपरोक्त परीक्षा में कामठी-नागपुर के विद्यार्थियों को सहभागी बनाने के उद्देश से एक कार्यशाला का आयोजन एम. एम. रब्बानी हाय स्कूल हॉल कामठी में रविवार 22 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। कार्यशाला कार्यक्रम में पूर्व विधायक एस. क्यु. जमा की अध्यक्षता में मुंबई कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति उपसभापति हुकुमचंद आमधरे कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। कार्यशाला में प्रमुख वक्ताओं के रूप में पूर्व आयएएस सेवानिवृत्त अधिकारी किशोर गजभिए, समाधान



को-आप. सोसायटी, नागपुर के चेयरमेन डॉ. अनवार सिद्दीकी, सेवा यवतमाल के संस्थापक सचिव शेख़ निजामुद्दीन, ह.ब. ताज आटर्स एन्ड कामर्स कालेज, नागपुर के प्राचार्य डॉ. अशोक कापटा, नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, लेखक व शिक्षाविद, कामठी के डॉ. मोहम्मद रफीक ए. एस. प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दौरान संचालन एड. लईक हुसैन करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील कमाल अख़्तर सलाम द्वारा की गई है।

# तकनीकी शिक्षा से संवरता है भविष्य, सावनेर आईटीआई में आज ही करें प्रवेश!

**सावनेर.**

आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा तकनीक और आधुनिकता के युग में पीछे न रहे, तो उसे तकनीकी शिक्षा की ओर प्रेरित कीजिए। स्वर्गीय अण्णाजी कुबिटकर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सावनेर में औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह संस्थान युवाओं को नौ विभागों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करता है।

यहाँ इलेक्ट्रिशियन, फिटर, आर.ए.सी., पम्प मैकेनिक, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स और आई.टी. जैसे व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान में विद्यार्थियों को मशीनरी, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, वेल्डिंग,




फ्रिज-एसी मरम्मत जैसी तकनीकों में दक्ष बनाया जाता है ताकि वे औद्योगिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सक्षम बन सकें। प्रवेश मेरिट के आधार पर चार चरणों में होगा और योग्य उम्मीदवारों को एसएमएस द्वारा सूचना दी जाएगी।

संस्थान के प्राचार्य प्रशांत नांदुरकर ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवा न केवल स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं, बल्कि सरकारी और निजी क्षेत्र में भी उन्हें रोजगार के अपार अवसर मिलते हैं। वेल्डिंग यूनिट, कंप्यूटर सर्विस, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, फ्रिज-एसी सर्विसिंग आदि क्षेत्रों में अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना भी संभव है।

प्राचार्य नांदुरकर ने आगे कहा कि तकनीकी शिक्षा न केवल रोजगार बल्कि समाज के विकास का आधार है। यह युवाओं में नवाचार, शोध और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

# 22 को भीलगांव एकता मंच का समस्याओं पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**कामठी.**

भीलगांव एकता मंच के विलास झंझोटे, प्रशांत नायडू, सुनील चवरे, उमेश बेंडेकर ने भीलगांव की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की है। यह प्रदर्शन रविवार 22 जून को भीलगांव पर सुबह 10 बजे से शाम तक चलेगा। ज्ञात हो कि धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रशासन का ध्यान गांव में व्याप्त कई अनुत्तरित मुद्दों की ओर आकर्षित करना है, जिनमें शामिल हैं : मुख्य सड़क के अधूरे कार्य को शीघ्र शुरू कर उसमें बाधा बन रहे बिजली पोल को हटाया जाए। प्रत्येक कॉलोनी में बिजली पोल और कनेक्शन की व्यवस्था की जाए। गुरुवार बाजार में ट्रैफिक नियंत्रण हेतु



हैवी वाहन पर प्रतिबंध या बाजार को सुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। टैंकर मुक्त भिलगांव हेतु नियमित नल जल आपूर्ति और पानी कर लागू किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों हेतु बगीचों में विश्राम की सुविधा दी जाए।

खेल-कूद के लिए क्रीड़ा संकुल की स्थापना की जाए। अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण शीघ्र कराया जाए। नालियों और फ्लड वॉल का निर्माण कर जलनिकासी की समस्या दूर की जाए। अधूरी कॉलोनियों में पक्की सड़क बनाकर पेवर ब्लॉक की अनावश्यकता रोकी जाए। मुख्य सड़क किनारे की नाली की ऊँचाई कम की जाए। चोरी रोकने के लिए पुलिस चौकी व स्थायी थाने हेतु जमीन उपलब्ध कराई जाए। रिंग रोड पर जलभराव की समस्या हल की जाए और टोल से स्थानीय नागरिकों को छूट दी जाए। अंग्रेजी माध्यम से सरकारी प्राइमरी स्कूल की स्थापना की जाए। सरकारी अस्पताल, एम्बुलेंस, शव वाहन और डेड बॉडी फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।भीलगांव एकता मंच के सदस्यों ने सभी ग्रामवासियों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी समस्याओं के प्रति एकजुटता दिखाने और प्रशासन पर दबाव बनाने का आग्रह किया है। उनका मानना है कि जनभागीदारी से ही इन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है। इस प्रदर्शन के माध्यम से भीलगांव एकता मंच का लक्ष्य संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने और ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है।

# कुख्यात अपराधी 'झिग्या' पर एमपीडीए के तहत केस

## > वाड़ी पुलिस की कड़ी कार्रवाई, भेजा नागपुर सेंट्रल जेल

**वाड़ी.**

शहर में दहशत का दूसरा नाम बन चुके कुख्यात बदमाश सुशील उर्फ झिग्या विजय कांबले (26) पर वाडी पुलिस ने महाराष्ट्र झोंडपट्टी अपराध के तहत शिकंजा कसा है। आरोपी के खिलाफ पहले से 14 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, जबरन वसूली, चोरी, हथियार रखने और गालीगलौज जैसे अपराध शामिल हैं।नाबालिग उम्र से अपराध में सक्रिय झिग्या कम उम्र से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और वाडी क्षेत्र में दहशत फैलाकर कई व्यापारियों से वसूली करता था। पुलिस में शिकायत न पहुंचे, इसके लिए वह डर का माहौल बनाता था।कड़ी निगरानी के बाद जेल भेजा गया वाडी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक राजेश तटकरे



द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव को पुलिस आयुक्त ने मंजूरी दी, जिसके बाद एमपीडीए के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया गया। निगरानी टीम ने झिग्या को गिरफ्तार कर पहले नागपुर सेंट्रल जेल भेजा, जहां से उसे अब संभाजीनगर जेल स्थानांतरित किया जाएगा।पिछली कार्रवाइयां भी रहीं बेअसर सूत्रों के मुताबिक, झिग्या पर पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन वह अपराध की दुनिया से बाहर नहीं निकला। इसी कारण पुलिस ने अब एमपीडीए जैसी सख्त कानूनी धारा का सहारा लिया।और भी अपराधी पुलिस के रडार पर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि झिग्या जैसे असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने से क्षेत्र में कानून का डर पैदा होगा। साथ ही, चेतावनी भी दी गई है कि तडीपार किए गए अपराधी अगर वापस लौटे और अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए, तो उनके खिलाफ भी एमपीडीए के तहत कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाई में इनकी भूमिका रही अहम इस कार्रवाई को अंजाम देने में वाडी पुलिस स्टेशन के सर्वेलन्स पथक के पीएसआई अमित बंडगर, प्रकाश काटकर, रोशन फुकट, संजय बरेले और योगेश गुप्ता ने विशेष भूमिका निभाई।

डीसीपी लोहीत मतानी के मार्गदर्शन में एसीपी सतीश गुरव और पीआई राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में किया गया। एमपीडीए के तहत की गई यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इससे आम जनता में सुरक्षा और भरोसे की भावना और मजबूत होगी।

# एटीएम से पैसे निकालने गए किसान के साथ बड़ी धोखाधड़ी, खाते से उड़ाए ₹ 1.75 लाख

## चार अज्ञात व्यक्तियों ने की चालाकी से एटीएम कार्ड की अदला-बदली, पुलिस जांच में जुटी

**खापरखेड़ा.**

खेती के लिए बैंक से कर्ज लेकर एटीएम से पैसे निकालने गए एक किसान के साथ खापरखेड़ा में बड़ी ठगी हो गई। बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम सेंटर में चार अज्ञात व्यक्तियों ने चालाकी से किसान का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से ₹ 1.75 लाख रुपये निकाल लिए। यह पूरी घटना 17 जून (मंगलवार) को दोपहर के समय घटी।

पीड़ित किसान मनीष नामदेव वाघ, नागपुर के सुभाष नगर निवासी हैं। उनके पास मनसर में अपनी 5 एकड़ खेती है, और इसके अलावा उन्होंने 40 एकड़ जमीन ठेके पर लेकर खेती करना शुरू किया है। खेती के लिए पूंजी की आवश्यकता होने के कारण उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रामटेक शाखा से ₹ 1.35 लाख का कृषि कर्ज लिया था। यह राशि खाते में जमा होने के बाद उनके बैंक खाते में कुल ₹ 2.15 लाख थे।

मंगलवार को मनीष खेत से लौटते समय खापरखेड़ा स्थित बैंक ऑफ इंडिया एटीएम सेंटर में पैसे निकालने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने एटीएम मशीन का उपयोग किया, मशीन से पैसे नहीं निकले। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद चार अज्ञात व्यक्ति उनके आसपास आ गए। एक ने मनीष से कहा कि वह दूसरी मशीन से पैसे निकालकर देखे। तभी दूसरे व्यक्ति ने पीछे से "पैसे निकले क्या?" ऐसा पूछकर उनका ध्यान भटकाया और इस बीच तीसरे व्यक्ति ने उनके हाथ से असली एटीएम कार्ड लेकर नकली कार्ड थमा दिया। चारों लोग तुरंत एटीएम सेंटर से बाहर निकल गए।

मनीष ने दोबारा पैसे निकालने की कोशिश की लेकिन पैसे नहीं निकले। जब वे कोराडी पहुंचे, तो उन्हें पता




चला कि उनके खाते से – ₹10,000 के पाँच ट्रांजेक्शन, ₹ 50,000 के दो ऑनलाइन ट्रांसफर, ₹ 25,000 का एक ऑनलाइन ट्रांसफर, मिलाकर कुल ₹ 1.75 लाख रुपये निकाले जा चुके हैं। समझदारी दिखाते हुए मनीष ने तुरंत शेष बचे ₹ 40,000 अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर दिए जिससे आगे का नुकसान होने से बच गया। इसके बाद वे रामटेक स्थित बैंक पहुंचे और ट्रांजेक्शन डिटेल्स निकाले। डिटेल्स से खुलासा हुआ कि पैसे वीरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं।

इस घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कर दी गई है और साइबर सेल को भी मामले की जानकारी दी गई है। जांच शुरू हो चुकी है और आरोपी जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होंगे, ऐसी संभावना जताई जा रही है।

### एटीएम में धोखाधड़ी का तरीका – समझिए और सावधान रहिए:

- पैसे निकालने के दौरान किसान को भ्रमित किया गया।
- बातचीत और सहानुभूति दिखाकर ध्यान भटकाया गया।
- असली कार्ड चुराकर नकली कार्ड थमा दिया गया।
- असली कार्ड से तुरंत कई ट्रांजेक्शन करके रकम निकाली गई एटीएम में कभी किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें।
- लेन-देन के समय अपने कार्ड और पिन को सुरक्षित रखें।
- संदेहास्पद गतिविधियों की तुरंत जानकारी पुलिस या साइबर सेल को दें।
- ट्रांजेक्शन अलर्ट हमेशा मोबाइल पर चालू रखें। यह घटना एक चेतावनी है कि आधुनिक तकनीक के दौर में सावधानी ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।
- किसान, बुजुर्ग और आम नागरिकों को चाहिए कि वे डिजिटल लेनदेन करते समय पूरी सतर्कता बरतें। पुलिस विभाग ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम सेल से संपर्क करें।

# उमरेड के रुचि और प्रभास मिसाल को मिला 'बेस्ट स्केटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड

**उमरेड.**

उमरेड शहर के होनहार स्केटर्स और भाई-बहन की जोड़ी, रुचि रवींद्र मिसाल (उम्र 11 वर्ष) और प्रभास रवींद्र मिसाल (उम्र 8 वर्ष) को प्रतिष्ठित "बेस्ट स्केटर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने स्केटिंग खेल में अब तक 76-76 मेडल जीतकर कुल 152 मेडल अपने नाम किए हैं, जिससे उन्होंने न सिर्फ उमरेड शहर बल्कि पूरे नागपुर जिले का नाम गर्व से ऊँचा किया है।




**अब तक जीत चुके हैं कुल 152 मेडल, नागपुर और उमरेड का नाम किया रोशन**

यह सम्मान नागपुर के शिक्षक सहकारी बैंक के सभागृह में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में दिया गया, जिसका आयोजन निसर्ग स्केटिंग क्लब नागपुर द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध स्केटिंग कोच पंकज फाये और नितिन काठोटे मौजूद थे। उन्होंने रुचि और प्रभास को उनके माता-पिता की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया। रुचि और प्रभास पिछले तीन वर्षों से उमरेड स्केटिंग अकैडमी में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्हें प्रशिक्षण व मार्गदर्शन इंटरनेशनल स्केटर और नेशनल स्केटिंग कोच रवींद्र मिसाल (जो उनके पिता भी हैं) द्वारा दिया जा रहा है। रुचि मिसाल , जीवन विकास वनिता विद्यालय में कक्षा 6वीं की छात्रा हैं, जबकि प्रभास मिसाल, नगर परिषद उमरेड के स्व. आ. ला. वाघमारे प्राथमिक शाला में कक्षा 3 में पढ़ते हैं।

इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने पर पूरे उमरेड शहर में खुशी की लहर है और नागरिकों द्वारा दोनों बाल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दी जा रही हैं।

# सांसद बलवंत वानखेड़े के प्रयासों को सफलता

## > जरिदा उपकेंद्र को वनभूमि डायवर्शन की मंजूरी

राजेश मालवीय

**अमरावती.** अमरावती सांसद बलवंत वानखडे के निरंतर प्रयासों को सफलता मिली है। मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत जरिदा उपकेंद्र के लिए 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन निर्माण की महत्त्वाकांक्षी योजना को केंद्र सरकार की मंजूरी प्राप्त हो गई है।

जरिदा गांव में उपकेंद्र के लिए आवश्यक वनभूमि के डायवर्शन हेतु सांसद वानखेडे द्वारा 20 फरवरी 2025 को की गई पहल पर संज्ञान लेते हुए, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 12 मई 2025 को जारी पत्र के अनुसार 0.8935 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि के डायवर्शन को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है।



इस स्वीकृति से डीटीडीसी टीएसपी योजना के अंतर्गत 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन और उपकेंद्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके अलावा, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा अमरावती जिले के मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के बफर ज़ोन में स्थित सिपना पश्चिम वनविभाग के जरिदा गांव में विद्युतीकरण हेतु उपकेंद्र की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। इस प्रस्ताव में कुल 1.343 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें 0.1 हेक्टेयर वनभूमि, 1.123 हेक्टेयर गैर-वनभूमि और 0.12 हेक्टेयर अन्य वनभूमि सम्मिलित है।

यह प्रस्ताव 12 मार्च 2025 को माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में हुई 82वीं स्थायी समिति (एससी-एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक में प्रस्तुत किया गया था। बैठक में इस प्रस्ताव को सिफारिश दी गई है और शीघ्र ही अंतिम मंजूरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### वनभूमि डायवर्शन से बिजली और विकास को मिलेगी रफ्तार

इस निर्णय के चलते जरिदा और आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति सुलभ हो जाएगी और वर्षों से बिजली की प्रतीक्षा में रहने वाले आदिवासी क्षेत्रों को राहत मिलेगी। इस पहल से स्थानीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, ऐसा विश्वास व्यक्त किया जा रहा है। इस सफलता के पीछे सांसद बळवंत वानखेडे का सतत प्रयास, केंद्र सरकार से समन्वय और नियोजन मुख्य कारण रहे हैं।

# योग से ही स्वस्थ जीवन संभव: अतुल वांदिले

## > अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोरों पर

हिंगनघाट.

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग परिवार हिंगनघाट और अभिनव विचार मंच हिंगनघाट द्वारा निखाड़े मंगल कार्यालय में निशुल्क योग शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस भव्य आयोजन के तीसरे दिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

योग साधकों को संबोधित करते हुए अतुल वांदिले ने कहा,नियमित योग, प्राणायाम और व्यायाम ही शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने का सर्वोत्तम उपाय है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग अपनाना चाहिए। इस योग शिविर में योग शिक्षिका प्राची प्रसाद पाचखेड़े ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, योगासन और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का प्रदर्शन कर अभ्यास कराया। योग शिविर का संचालन पंढरी तड़स ने किया, जिन्होंने अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।




कार्यक्रम के तहत शहर के मुख्य मार्ग पर एक योग जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसे प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पतंजलि योग समिति और अभिनव विचार मंच के सदस्य, योग साधक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

यह आयोजन समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने और जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रशंसनीय पहल है। आयोजकों ने बताया कि योग शिविर 21 जून तक जारी रहेगा और आम नागरिकों के लिए निशुल्क रहेगा।

# संत रूपनाथ महाराज की पालकी का भव्य स्वागत

## > विधायक अमोल मिटकरी ने किया पुष्पवर्षा से सम्मान

अकोला.

पंढरपुर यात्रा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पहली बार ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के पावन मार्ग पर निकली तीर्थक्षेत्र रूपनाथ महाराज (दहीहांडा) की पालकी ने 18 जून से 4 जुलाई तक की पदयात्रा (वारी) शुरू की है।

यह पवित्र पालकी यात्रा अकोला के आरोग्य नगर में पहुँची, जहाँ विधायक अमोल मिटकरी ने अपने परिवार सहित श्रद्धा भाव से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मिटकरी द्वारा पालकी में शामिल सभी महिला एवं पुरुष वारकरी का गुलाब पुष्पों से स्वागत किया गया।

साथ ही वारकरी भक्तों को महाप्रसाद (उपवास का भोजन) वितरित किया गया और कंबल भेंट किए गए, जिससे उनका मनोबल और श्रद्धा और भी प्रगाढ़ हुई। विधायक अमोल मिटकरी ने पालकी यात्रा के दौरान हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया और कहा कि यह यात्रा समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का संदेश देती है।








इस शुभ अवसर पर वारकरी प्रमुख गणेश पोटे समेत सैकड़ों वारकरी श्रद्धालु मौजूद रहे। पालकी के आगे बढ़ने से पहले छत्रपति संभाजी राजे की भव्य प्रतिमा के समक्ष दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई।

पालकी प्रस्थान के समय विधायक अमोल मिटकरी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर टाळ-मंजीरे बजाते हुए और फुगडी नृत्य करते हुए श्रद्धा से पालकी को पंढरपुर की ओर रवाना किया। इस धार्मिक आयोजन ने अकोला शहर में भक्ति और उत्साह का एक विशेष वातावरण निर्मित किया।

# महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय न्यासा का बाल संस्कार शिविर संपन्न

**वर्धा.** सामाजिक कल्याण, राष्ट्र रक्षा और धार्मिक जागरूकता के लिए काम करने वाले महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय न्यासा ने बुधवार, 18 जून को श्रीराम मंदिर, बोरगांव (मेघे), वर्धा में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया। महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय न्यासा की ओर से जरूरतमंदों को कपड़े बांटना, भोजन दान, नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के तरीके, बाल संस्कार शिविर, तनाव मुक्त जीवन जीने के तरीके के बारे में जागरूकता, स्वास्थ्य जांच जैसी विभिन्न सामाजिक कल्याण गतिविधियों का आयोजन करता है। न्यासा की ओर से संगीता हिवसे, ललिता लहाबर, ललिता पाटिल ने इस गतिविधि के लिए कड़ी मेहनत की। क्षेत्र के 18 बच्चों ने इस गतिविधि का लाभ उठाया।

# सखी अन्न सुरक्षा, कृषि एवं पोषण पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## > 90 ग्रामीण महिला प्रतिनिधियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग



सेवाग्राम.

सेवाग्राम में 17 व 18 जून को आयोजित "सखी खाद्य सुरक्षा, कृषि एवं पोषण" पर दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र में वर्धा व सेलू तालुका के 33 गांवों से आईं आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी सेविकाएं और महिला ग्रामनेत्रियों सहित कुल 90 महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला में स्थानीय कृषि आधारित खाद्य सुरक्षा, सखी फूड सिक्योरिटी फार्मिंग मॉडल, पौष्टिक खाद्य प्रसंस्करण, सब्जियों के भंडारण के तरीके, और भोजन के 10 मूल तत्वों की जानकारी दी गई।

बाजार पर निर्भर रहने की बजाय गांवों में स्वावलंबी खाद्य श्रृंखला कैसे विकसित की जाए, इस पर विशेष फोकस रहा।

कार्यशाला का आयोजन स्वयं शिक्षण पेरियो, वेलस्पैन फाउंडेशन और डब्ल्यूएचएच-जीआईजेड के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान कार्यक्रम प्रबंधक तबस्सुम मोमिन, माधव गोरकट्टे, माधुरी दुधभाते, तथा क्षेत्र अधिकारी ज्ञानेश्वर नावडकर ने गहराई से मार्गदर्शन किया।

वेलस्पैन फाउंडेशन से दीपक खांडे, संतोष देशमुख और नम्रता गव्हाले ने कृषि व पोषण में संगतता के महत्व को रेखांकित किया। इस कार्यशाला के अंतर्गत फोकस ग्रुप डिस्कशन भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने खाद्य सुरक्षा व पोषण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। जिला आशा समन्वयक दीपाली चांदोलें और तालुका आशा समन्वयक तारा राजगुरे की उपस्थिति में चर्चा और भी प्रभावशाली रही। महिलाओं ने इस प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने गांवों में लागू करने और खाद्य-कुशल, पोषण-समृद्ध तथा पर्यावरण-अनुकूल समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

यह कार्यशाला ग्रामीण महिलाओं को पोषण जागरूकता और स्थानीय खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम रही।

# प्रभाग 9 से वंचित बहुजन आघाड़ी के रवि कांबले मैदान में

## > सामाजिक सक्रियता से राजनीति तक की मजबूत पृष्ठभूमि

हिंगनघाट.

सुप्रीम कोर्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण पर दिए गए निर्णय के बाद अब नगरपालिका चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में नगर के प्रभाग क्रमांक 9 (गौतम, वीर भगतसिंग, हनुमान वार्ड) से वंचित बहुजन आघाड़ी के युवा नेता रवि कांबले चुनावी मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रवि कांबले ने अपनी राजनीतिक यात्रा भीम आर्मी से शुरू की थी और वहां से समाज के दबे-कुचले वर्गों के हक के लिए आवाज़ उठाई।



वर्तमान में वे वंचित बहुजन आघाड़ी के शहर अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इस भूमिका में रहते हुए उन्होंने कई सामाजिक, सांस्कृतिक और नागरिक मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। रवि कांबले ने वर्षों से प्रभाग क्रमांक 9 के नागरिकों की समस्याओं को समझते हुए जनसेवा को अपना उद्देश्य बनाया है। सफाई, सड़कें, नालियां, जल व्यवस्था जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार सक्रिय हैं। रवि कांबले का कहना है कि "यह क्षेत्र वर्षों से उपेक्षित रहा है, अब वक्त है बदलाव का। प्रभाग क्रमांक 9 में बड़ी आबादी और जटिल समस्याएं हैं। लेकिन रवि कांबले के पास एक स्पष्ट विजन है. वे स्थानीय जरूरतों को पहचानकर उस पर ठोस समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनकी सामाजिक सक्रियता और मजबूत जनसंपर्क उन्हें अन्य उम्मीदवारों से अलग बनाता है।

वंचित बहुजन आघाड़ी से पार्षद पद के उम्मीदवार के रूप में रवि कांबले जल्द ही अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने संकेत दिया है कि यदि किसी पार्टी से गठबंधन होता है, तो भी वे प्रभाग क्रमांक 9 से अपनी दावेदारी बनाए रखेंगे और विजय के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

रवि कांबले ने आश्वासन दिया है कि यदि उन्हें नागरिकों का समर्थन मिलता है तो वे वार्ड की सभी समस्याएं नगरपालिका सभागृह में आक्रामक ढंग से उठाएंगे, और उनके स्थायी समाधान के लिए संघर्षरत रहेंगे।

मैं चुनाव जीतने नहीं, बदलाव लाने आया हूं," ऐसा विश्वास रवि कांबले ने अपने कार्यों और विचारों से लोगों के बीच कायम किया है।

# युवा संघर्ष मोर्चा ने प्रशासन को दिया 7 दिन का अल्टीमेटम

## > देवली में सड़क विवाद
## > अन्यथा 25 जून से अन्नत्याग आंदोलन

वर्धा.

देवली मार्ग पर एपीएमसी के सामने बने विवादित नाली को लेकर स्थानीय जनता और युवा संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में बवाल मचा हुआ है। युवा संघर्ष मोर्चा के किरण ठाकरे ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर 25 जून तक दूसरी तरफ बनी नाली को नहीं तोड़ा गया और सड़क को बीच में लाकर चौड़ा नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन अन्नत्याग आंदोलन शुरू करेंगे।

वर्धा-देवली मार्ग पर एपीएमसी, एमआईडीसी, अस्पताल, कॉलेज और बैल बाजार जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक हमेशा जाम रहता है। सड़क के दोनों ओर नाले बनने से सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे दुर्घटना और यातायात समस्या बढ़ने की चिंता स्थानीय लोगों ने व्यक्त की है।

पहले एक तरफ की नाली तोड़ी जा चुकी है, लेकिन दूसरी तरफ अभी भी नाली यथावत बनी हुई है। दहेगांव से वायगांव तक का राजमार्ग एपीएमसी के सामने से होकर गुजरता है, जहां सड़क का निर्माण उचित रूप से सड़क के बीच नहीं किया गया। नाली न काटने के कारण सड़क का एक किनारा बाजार समिति, एमआईडीसी और तकनीकी विद्यालय की सुरक्षा दीवार तक पहुंच गया है, जिससे भविष्य में गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

युवा संघर्ष मोर्चा के किरण ठाकरे ने इस मुद्दे को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष भी रखा था, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से यह जवाब मिला कि बाईपास बनने के कारण शहर में ट्रैफिक कम हो गया है। किरण ठाकरे ने इसे भ्रामक बताते हुए कहा कि,

"एक तरफ हाईवे निर्माण के कारण सड़क उबड़-खाबड़ और संकरी हो गई है। नाली को तोड़कर सड़क को चौड़ा कर बीच में बनाया जाना चाहिए।

यदि प्रशासन ने 7 दिनों के भीतर मांग पूरी नहीं की, तो युवा संघर्ष मोर्चा और नागरिक मिलकर 25 जून से क्रांतिवीर महादेवराव ठाकरे चौक पर अनिश्चितकालीन अन्नत्याग आंदोलन शुरू करेंगे। किरण ठाकरे ने साफ कहा है कि यह मांग जायज है और इसके लिए किसी भी समझौते पर विचार नहीं किया जाएगा।

# घातक हथियार के साथ घूमते हुए युवक गिरफ्तार

नागपुर.

एमआईडीसी पुलिस की गश्ती टीम ने सोमवार रात एक युवक को घातक शस्त्र के साथ गिरफ्तार कर एक संभावित गंभीर अपराध को टालने में सफलता पाई है। यह कार्यवाही गुप्त जानकारी के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, दिनांक 16 जून को रात लगभग 9:30 बजे, गश्ती दल को सूचना मिली कि भीम नगर चर्च के सामने खुले मैदान में एक संदिग्ध युवक हथियार के साथ घूम रहा है।

तत्काल हरकत में आई पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुनिल हरीनारायण पंचेश्वर (27 वर्ष) वार्ड क्र. 4, भीमनगर निवासी बताया।



तलाशी में युवक की पैंट की कमर में छुपाया गया एक लोहे का चाकू बरामद किया गया। आरोपी द्वारा यह घातक शस्त्र संभवतः किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से रखा गया था, जिससे मनाई आदेश का उल्लंघन हुआ है। इस संबंध में पुलिस थाने में आरोपी के विरुद्ध भारतीय हथियार अधिनियम 4/25 व महाराष्ट्र पोलीस अधिनियम की धारा 135 के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# पवनी वन परिक्षेत्र में मिला तेंदुए का शव, एक हफ्ते में दूसरा शव हुआ बरामद

नागपुर.

रामटेक तहसील अंतर्गत आने वाले पवनी वन परिक्षेत्र, राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 के किनारे एक तेंदुए का शव वन विभाग के अधिकारियों मिलने से खलबली मच गई है. एक हफ्ते में यह दूसरे हिंसक पशु का शव बरामद किया गया है.

पवनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 के किनारे से उठती बदबू को लेकर नागरिकों ने वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को सुबह लगभग 11 बजे जानकारी दी. मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम के पहुंचने पर वहां तेंदुआ मृत अवस्था में दिखाई दिया. वन उपसंरक्षक श्वेता राठौर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव पाटिल ने शव का पंचनामा कर शव विच्छेदन के लिए पशु वैद्यकीय अधिकारी के पास भेज दिया है. तेंदुए की मौत को लेकर सड़क दुघर्टना का प्रारंभिक अनुमान है.



# संत गाड़गे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान

## > संभागीय समिति ने किया निरीक्षण

हिंगनघाट.

हिंगनघाट तालुका की मनसावळी ग्राम पंचायत को हाल ही में संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज स्वच्छ ग्राम प्रतियोगिता में वर्धा जिले में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के पश्चात संभागीय स्तर की निरीक्षण समिति ने 18 जून को दोपहर 12 बजे गांव का दौरा किया।

यह समिति नागपुर संभागीय आयुक्त कार्यालय द्वारा गठित की गई थी, जिसमें प्रमुख रूप से संभागीय आयुक्त विवेक इलमे, उपायुक्त कमल किशोर फुटाने, और विस्तार अधिकारी अमोल कोल्हे शामिल थे। उन्होंने परिशिष्ट-2 के अनुसार ग्राम का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें मुख्य रूप से निम्न पहलुओं पर मूल्यांकन किया गया:सीवेज प्रबंधन प्रणाली, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल की गुणवत्ता, गांव की समग्र स्वच्छता व्यवस्था, सामाजिक व नवाचार गतिविधियां इसके अतिरिक्त समिति ने गांव के सरकारी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, व्यायामशाला, पुस्तकालय, और आटा चक्की जैसी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिला परिषद वर्धा के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी विठ्ठल जाधव भी विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति द्वारा ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना की गई और गांव को स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में देखा गया। मनसावळी ग्राम पंचायत की यह उपलब्धि न केवल वर्धा जिले बल्कि पूरे नागपुर संभाग के लिए गर्व का विषय बन गई है।

# ज्ञानदीप विद्यालय का शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान

हिंगनघाट.

हिंगनघाट बहुउद्देशीय शिक्षा विकास संस्थान द्वारा संचालित ज्ञानदीप विद्यानिकेतन, हिंगणघाट एवं वाघोली ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने नाम के अनुरूप ज्ञान का दीप प्रज्वलित करते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की एक नई क्रांति की शुरुआत की है। संस्थान का उद्देश्य केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के मन और समाज में फैले अंधविश्वास के अंधकार को हटाकर ज्ञान, तर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उजाला फैलाना है। अल्प समय में ही यह विद्यालय जिले के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में अपनी पहचान बना चुका है।

विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, नवोदय विद्यालय और छात्रवृत्ति परीक्षाओं में लगातार चयन हो रहा है. हर वर्ष विद्यालय का 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहता है, जिसमें अधिकांश विद्यार्थी 90% से अधिक अंक प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यालय ने अपनी छाप छोड़ी है।




पल्लवी मुडे का चयन थाली फेंक में राज्य स्तर पर और यशोदा राजुरकर का चयन शतरंज में संभाग स्तर पर हुआ है।

विद्यालय का प्राकृतिक परिवेश, विशाल खेल का मैदान, और ग्रामीण क्षेत्रों के समीपस्थ स्थान ने इसे छात्रों और अभिभावकों के लिए एक आदर्श शिक्षण संस्थान बना दिया है। संस्थान का यह प्रयास समाज को गुणवत्तापूर्ण, नैतिक और तकनीकी रूप से सक्षम नागरिक प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर

विद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि विद्यार्थियों के भावनात्मक और नैतिक विकास पर भी जोर दे रहा है। विद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों में वैदिक गणितज्ञ अदिति सिंघल का विशेष मार्गदर्शन, वृद्धाश्रम से बुजुर्गों का आमंत्रण जैसी भावनात्मक पहलें शामिल हैं, जिससे बच्चों में संवेदनशीलता और सामाजिक मूल्यों का विकास हो रहा है।

### रोबोटिक्स शिक्षा देने वाला पहला विद्यालय

ज्ञानदीप विद्यानिकेतन वर्धा जिले का एकमात्र स्कूल है, जो विद्यार्थियों को रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रहा है। यहां हर वर्ष विज्ञान, गणित, भूगोल, इतिहास, भाषा एवं रोबोटिक्स की प्रदर्शनिया आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्रों में प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। विद्यालय में अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, सुसज्जित कम्प्यूटर लैब, और ई-लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं मौजूद हैं, जो विद्यार्थियों को विज्ञान और डिजिटल युग के प्रति जागरूक बना रही हैं।

"ज्ञान का दीप केवल प्रज्वलित नहीं किया गया है, बल्कि इसे जन-जन तक पहुचाने का संकल्प लिया गया है। ज्ञानदीप विद्यानिकेतन की यह पहल आने वाले समय में निश्चित ही हिंगनघाट और आसपास के क्षेत्रों को शिक्षा की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

# 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' को

## > भारतीय भाषाओं में एआई और हेल्थटेक को मिलेगा नया आयाम

**गुरुग्राम.**




भारत में तकनीकी नवाचार को गति देने की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत, सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट, नोएडा और आईआईटी मद्रास के बीच एक पांच वर्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह रणनीतिक साझेदारी भारतीय भाषाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थटेक और जनरेटिव एआई जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में संयुक्त शोध और नवाचार को बढ़ावा देगी।

इस एमओयू पर सैमसंग आरएंडडी नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर क्यांगयून रू और आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कमकोटी ने हस्ताक्षर किए। इस पहल के तहत छात्रों के लिए फैलोशिप, प्रायोजित शोध परियोजनाएं, तकनीकी प्रशिक्षण, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और तकनीक हस्तांतरण जैसे अनेक आयामों पर सहयोग किया जाएगा। यह साझेदारी भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' विज़न के अनुरूप है, जो देश में तकनीकी आत्मनिर्भरता और इनोवेशन को प्रोत्साहित करता है। सैमसंग ने पहले भी आईआईटी दिल्ली, कानपुर, मुंबई और रोपड़ के साथ दीर्घकालिक साझेदारियाँ की हैं, जिससे इसका शैक्षणिक नेटवर्क और मजबूत हुआ है। भारतीय भाषाओं में एआई समाधान विकसित होंगेहेल्थटेक इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावाछात्रों को मिलेंगे शोध अवसर और फैलोशिप, तकनीक का विकेंद्रीकरण और स्थानीयकरण होगा, भारत में जनरेटिव एआई का नया युग शुरू होगा.

### भाषा की दीवार तोड़ने की दिशा में एक ठोस कदम

क्यांगयून रू ने कहा, "हम गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम को भारतीय भाषाओं में और समावेशी बनाना चाहते हैं, ताकि तकनीक सभी तक पहुंच सके। यह साझेदारी हमें समाज को सशक्त बनाने वाले समाधान विकसित करने में मदद करेगी।"वहीं, प्रो. वी. कमकोटी ने इसे "एआई तकनीकों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक उपयोग में जोड़ने वाली एक मिसाल" बताया।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी के ख़िलाफ़ एयरटेल का डिजिटल कवच

**पणजी.**




ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों के बीच भारती एयरटेल ने महाराष्ट्र और गोवा में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी एआई -संचालित धोखाधड़ी पहचान प्रणाली के ज़रिए हर दिन करीब 2 लाख मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से रियल टाइम सुरक्षा प्रदान करने की घोषणा की है।

यह सुरक्षा प्रणाली एयरटेल ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से सक्रिय होती है और एसएमएस, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल व ब्राउज़र पर भेजे गए लिंक की तुरंत जांच करती है। यह प्रणाली हर दिन 1 अरब से अधिक यूआरएल का विश्लेषण करती है और किसी भी संदिग्ध लिंक को सिर्फ 100 मिलीसेकंड में ब्लॉक कर देती है।

मान लीजिए पुणे के एक यूज़र को यह मैसेज आता है:आपका पार्सल डिले हो गया है। इसे ट्रैक करें, जैसे ही यूज़र लिंक पर क्लिक करता है, एयरटेल का एआई-सिस्टम तुरंत हरकत में आ जाता है। यह लिंक को स्कैन करता है और यदि वह संदिग्ध पाया जाता है, तो उस साइट को ब्लॉक कर देता है। यूज़र को एक चेतावनी संदेश दिखाया जाता है. ब्लॉक कर दिया गया! एयरटेल ने इस साइट को ख़तरनाक पाया है।"

भारती एयरटेल महाराष्ट्र और गोवा के सीईओ जॉर्ज मैथन ने कहा, हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को हर प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना है। एआई तकनीक के माध्यम से हम बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के यूज़र्स को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। डिजिटल भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।एयरटेल की यह पहल सरकार के डिजिटल इंडिया और साइबर सुरक्षा मिशन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण तैयार करना है।

# रेट साइकिल में निवेशकों की पसंद हैं: टाटा एएमसी

**नागपुर.**

ब्याज दरों में गिरावट के इस दौर में निवेशक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं जो रिटर्न, सुरक्षा और तरलता (लिक्विडिटी) का संतुलन प्रदान करे। इस मांग के बीच मनी मार्केट फंड्स एक आकर्षक और विवेकपूर्ण निवेश विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर को 50 बेसिस पॉइंट घटाकर 5.5% करने और कैश रिजर्व रेशो में 1% की कटौती करने के बाद, ब्याज दरों में नरमी की उम्मीद और बढ़ गई है।

इस स्थिति में मनी मार्केट फंड्स, विशेष रूप से अल्पकालिक अधिशेष नकदी को पार्क करने के लिए पारंपरिक फिक्स्ड डिपॉजिट का व्यवहारिक विकल्प बनते जा रहे हैं।टाटा एसेट मैनेजमेंट के डिप्टी हेड रेपो दर 5.5% होने के साथ मनी मार्केट फंड निवेशकों



को संभावित रूप से रेपो पर अतिरिक्त 50-75 बेसिस पॉइंट का रिटर्न दे सकते हैं, साथ ही वे लिक्विडिटी और स्थिरता बनाए रखते हैं।"

इन फंड्स का मुख्य निवेश ट्रेजरी बिल, कमर्शियल पेपर और डिपॉजिट सर्टिफिकेट में होता है, जिससे इनका जोखिम अपेक्षाकृत कम और रिटर्न स्थिर होता है। एएमएफआई के अनुसार, अप्रैल-मई 2025 के दौरान इस श्रेणी में 42,730 करोड़ रुपये का क्युम्युलेटिव इनफ्लो देखा गया, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

इस रुझान की पुष्टि करते हुए, टाटा मनी मार्केट फंड में नागपुर से ही 94 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज हुआ। वित्त वर्ष 2024-25 में नागपुर से निवेश तीन गुना बढ़कर 174.2 करोड़ से 562 करोड़ रुपये हो गया, जिससे फंड ने 30,000 करोड़ रुपये के एयूएम का स्तर पार कर लिया।

विशेषज्ञों के अनुसार, जहां लिक्विड फंड्स तात्कालिक जरूरतों के लिए उपयुक्त हैं, वहीं मनी मार्केट फंड्स 6 से 9 महीने की मैच्योरिटी के साथ थोड़ा बेहतर रिटर्न देने में सक्षम हैं।

टाटा मनी मार्केट फंड का प्रदर्शन इसकी उच्च-क्रेडिट गुणवत्ता और अनुशासित निवेश रणनीति पर आधारित रहा है।

# नीलिमा रामटेके बनीं भंडारा जिला युवती प्रमुख

## > समाजसेवा को मिली बड़ी मान्यता!

**भंडारा.**



महिला सशक्तिकरण, समाजसेवा और ग्रामीण जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाली नीलिमा आनंद रामटेके को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से भंडारा जिला युवती प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष विधायक जयंत पाटिल के मार्गदर्शन में और चरण वाघमारे की अनुशंसा पर की गई है।पिछले कई वर्षों से निलीमा रामटेके ने ग्रामीण महिलाओं के अधिकारों की आवाज़ बुलंद की है, युवाओं को मार्गदर्शन दिया है और शिक्षा तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया है। उनका यह समर्पण अब पार्टी ने भी स्वीकार किया है, और उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई भूमिका के साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह का माहौल है। निलीमा रामटेके को मजबूत नेतृत्व कौशल, सामाजिक समझ और जनसंपर्क की अच्छी पकड़ के लिए जाना जाता है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में युवतियों से जुड़े अनेक नए कार्यक्रमों को गति मिलेगी।

नयी ज़िम्मेदारी मिलने के बाद निलीमा रामटेके को सोशल मीडिया और समाज के विभिन्न वर्गों से बधाई संदेश मिल रहे हैं। कई लोगों ने उनके चयन को "महिला नेतृत्व की जीत" बताया है और उम्मीद जताई है कि वे अपनी नई भूमिका में भी उतनी ही कुशलता से कार्य करेंगी।

# आदिवासी युवक की जेल में मौत



**सौसर.**

तिगांव निवासी आदिवासी युवक भाऊराव उइके की छिंदवाड़ा जेल में हुई मौत के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आज प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता श्री रामु टेकाम, जिला आदिवासी प्रकोष्ठ नेता अरुण धुर्वे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री जयंत घोड़े, तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश घोरमारे मृतक के निवास पहुंचे और परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

नेताओं ने इस दुखद घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं न्याय दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय के साथ खड़ी है और हर स्तर पर इस मामले को उठाया जाएगा।

# शिवसेना (उबाठा) का 59वां स्थापना दिवस मनाया गया

**भंडारा.**






शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) का 59वां स्थापना दिवस भंडारा जिले में सेवा कार्य के माध्यम से सादगीपूर्ण और सामाजिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भंडारा शहर शिवसेना इकाई की ओर से टाकली स्थित दादाजी वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को लड्डू वितरित किए गए। शिवसेना की स्थापना 19 जून 1966 को मुंबई में वंदनीय शिवसेनाप्रमुख श्री बालासाहेब ठाकरे द्वारा की गई थी। इस पार्टी की नींव मराठी मानुषों, श्रमिकों, किसानों और मेहनतकशों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से रखी गई थी। वर्षों की राजनीतिक चुनौतियों और संघर्षों के बावजूद, शिवसेना आज भी अपने सिद्धांतों और जनता की सेवा के संकल्प पर अडिग है।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा कार्यक्रम में शिवसेना भंडारा जिलाप्रमुख संजय भाऊ रेहपाडे, तालुकाप्रमुख तिलक सार्वे, शहर प्रमुख राकेश आग्रे, उपशहर प्रमुख सुधीर उरकुडे, चित्रांगंद सेलोकर, विनोद डहारे, बाळूभाऊ नेरकर, आशिष गणवीर, संदीप गभणे, प्रेम नंदुरकर, नितीन मेश्राम, गोपीचंद गोमासे, अतुल मिरासे, सुशील हटवार समेत कई पदाधिकारी व शिवसैनिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठों और शिवसैनिकों ने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को याद करते हुए उनकी विचारधारा पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि "शिवसेना का हर कार्यकर्ता समाजसेवा के लिए समर्पित है और भविष्य में भी जनता के हक और हिम्मत की आवाज बनकर काम करता रहेगा।"

# मुख्य अभियंता के.एल.वर्मा ने किया औचक निरीक्षण

**सौंसर.**

मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) के.एल. वर्मा ने सौंसर संभाग में स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र, एफ.ओ.सी. सेंटर (शहर) और संभागीय कार्यालय का अकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति और उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान वर्मा ने घरेलू एवं कृषि फीडरों की बिजली आपूर्ति, ट्रिपिंग की स्थिति, लाइन रखरखाव, और एफ.ओ.सी. केंद्र में दर्ज शिकायतों के समाधान समय की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों से सीधा संवाद करते हुए कार्य की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया समय पर संतोष जताया। इसके पश्चात उन्होंने एल.टी.आर.यू. (ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट) का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने ट्रांसफार्मर सुधार प्रक्रिया की जानकारी ली और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। मुख्य अभियंता वर्मा ने 1912 कॉल सेंटर पर दर्ज उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि 33 केवी एवं 11 केवी लाइनों, वितरण ट्रांसफार्मरों का समयबद्ध रखरखाव सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं से जनसंवाद कर समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए।



निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता छिंदवाड़ा श्री खुशियाल शिववंशी, कार्यपालन अभियंता सौंसर अखिलेश श्रीवास्तव, सहायक अभियंता रंजीत गौंड, कनिष्ठ अभियंता सौंसर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को विद्युत सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु निरंतर सजग एवं तत्पर रहने के निर्देश दिए।




# रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट ने पेश किया 'ज़ात'

**नई दिल्ली.**




ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित गैलरी में 11 जून से शुरू हुई 'ज़ात' नामक विशिष्ट मूर्तिकला प्रदर्शनी लोगों को स्त्री-विरासत, पारंपरिक पहचान और अनकही इच्छाओं की एक गहरी यात्रा पर ले जा रही है। यह प्रदर्शनी 31 जुलाई तक चलेगी और इसे स्टडी यूके: क्रिएटिव कनेक्शन्स II कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है। कलाकार सोनाक्षी चतुर्वेदी द्वारा रची गई यह प्रदर्शनी, केवल कला नहीं, बल्कि यादों और आवाज़ों की मूर्त प्रस्तुति है। यह उन महिलाओं की कहानियों को जीवंत करती है जिन्हें जीवन में सिर्फ़ मां, दुल्हन या दादी के किरदार तक सीमित कर दिया गया. पर जिनके भीतर एक रंगीन, आज़ाद और स्वप्निल दुनिया छिपी थी। सोनाक्षी बताती हैं,"ज़ात की शुरुआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही उन चीज़ों की खोज बन गई, जिनमें महिलाओं का मौन विरोध छिपा था। मेरी मूर्तियाँ उन कहानियों की स्मृति हैं, जिन्हें कभी खुलकर कहा नहीं गया। प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है, और भारत की हस्तकला परंपरा में स्त्री-अस्तित्व और स्वतंत्रता की अनसुनी परतों को उजागर करती है।

आगरा में जन्मी और अब लंदन में सक्रिय सोनाक्षी चतुर्वेदी ने 2024 में रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट, लंदन से ज्वेलरी और मेटल में एमए किया है। उन्होंने जयपुर के द जेम पैलेस, ज़ोया बाय टाटा, ओलंपिया ऑक्शन्स, और वेदांता-रिवरसाइड स्टूडियोज़, लंदन जैसे संस्थानों में काम कर भारतीय गहनों की परंपरा और आधुनिक अभिव्यक्ति का सेतु तैयार किया है। वे रत्न विशेषज्ञ और सांस्कृतिक शोधकर्ता के रूप में भी सक्रिय हैं और भविष्य में डॉक्टरेट के ज़रिए लैंगिक पहचान व सांस्कृतिक संवाद पर गहन शोध करने की योजना बना रही हैं।

### "ज़ात" पहचान की परतों को उकेरती एक कला यात्रा

"ज़ात" का शाब्दिक अर्थ है 'असली पहचान', और यह प्रदर्शनी इसी विचार को केंद्र में रखती है। सोनाक्षी की मूर्तियों में पीतल, सफेद धातु, कोल्ड इनैमल, रेज़िन-बेस्ड इनैमल और रत्न का उपयोग हुआ है. जिनमें से कई उनकी दादी के विवाह के पारंपरिक सामान से प्रेरित हैं। बाहरी रूप से ये मूर्तियां धात्विक, सादी और पारंपरिक ज़िम्मेदारियों का प्रतीक प्रतीत होती हैं, पर भीतर से ये रंग-बिरंगे सपनों और छिपी ख्वाहिशों की दुनिया को दर्शाती हैं।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 588-1 | 147-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 479-0 | 123-6 |